राजस्थान में 2.90 लाख के नकली नोट बरामद, सहारनपुर से जुड़े तार

जागरण संवाददाता, जयपुर। राजस्थान पुलिस ने दो बदमाशों के कब्जे से दो लाख 90 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। बदमाशों ने यह नोट उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से लेकर आने की बात कही है।

आरोपितों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में नकली नोट तैयार करने का काम किया जा रहा है। दोनों बदमाश राजस्थान में इन नोटों को खपाना चाहते थे।

पुलिस ने क्या बताया?

जयपुर के विशेष पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने बताया कि आरोपितों में एक झालावाड़ निवासी गोविंद चौधरी और दूसरा जयपुर निवासी देवांश फांडा है। गोविंद के कब्जे से एक लाख 90 हजार और देवांश के पास एक लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए।

Source: https://www.jagran.com/news/national-fake-currency-notes-worth-2-90-lakh-seized-in-rajasthan-links-traced-to-saharanpur-40073805.html